**एक नजर में**

### नेशनल लोक अदालत 8 को वृहद वाहन रैली

**गुना।** जिले में 13 सितम्बर 25 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विधिक साक्षरता तथा जन-जागरण के उद्देश्य से 8 सितम्बर 25 को सुबह 9:30 बजे वृहद वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली जिला न्यायालय परिसर गुना से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र मौजूद रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल शामिल होंगे। रैली के माध्यम से आमजन को लोक अदालत के महत्व और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। विभिन्न शासकीय विभाग इस आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे। 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन चेतना हेतु 8 सितम्बर को शासकीय विभागों के समन्वय से वृहद वाहन रैली निकलेगी।

# दरगाह पर तोड़फोड़ और गैंगस्टर सलमान लाला के पोस्टर विवाद

## रुठियाई क्षेत्र की दरगाह पर शरारती तत्वों ने की तोडफोड़, शहर में सलमान लाला के पोस्टरों के फोटो खींचने वाले युवक के साथ मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**गुना 6 सित. सं। जिले में बीती रात से लेकर शनिवार तक दो अलग-अलग घटनाओं ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दे दी। जिसमें रुठियाई थाना क्षेत्र के गादेर घाटी में मामा-भांजा दरगाह पर कुछ असामाजिक तत्वों ने तोडफोड़ कर दी।**

वहीं दूसरी घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की है, जहां इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला के पोस्टर लगाए जाने और उनके फोटो खींचने को लेकर युवक की पिटाई कर सोने की चैन, बाली और पर्स लूट लिया गया। इन घटनाओं के चलते पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है।





**सलमान लाला के पोस्टरों से विवाद, युवक की पिटाई और लूट**

इंदौर के चर्चित गैंगस्टर सलमान लाला की डूबने से हुई मौत के बाद उसके समर्थक सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और उसे निर्दोष बताने के साथ मौत पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच गुना में मामला उस समय बिगड़ गया जब श्रीराम कॉलोनी से लेकर बस स्टैंड तक सलमान लाला के पोस्टर लगाए गए। अभिषेक नामक युवक ने पुलिस को बताया कि वह इन पोस्टरों की तस्वीर खींच रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और गालियां देने लगे। बात बढ़ी तो अभिषेक को ग्रीन होटल पर ले जाकर करीब 8-10 लोगों ने बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने ईंटों से हमला कर अभिषेक से सोने की चैन, बाली और पर्स भी लूट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदूवादी संगठन बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंच गए और विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट, मारपीट और अन्य धाराओं में स्न्ह्वक्र दर्ज की है।

**सोशल मीडिया पर भी सलमान लाला के समर्थन में एक्टिव फैन**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने उन सोशल मीडिया अकाउंट्स की सूची तैयार की है जिन पर सलमान लाला के समर्थन में पोस्ट और रील्स चल रही हैं। इनमें यह दावा किया जा रहा है कि उसकी हत्या की गई है और इंदौर बंद करने की धमकी भी दी जा रही है।

इन अकाउंट्स पर साइबर टीम की सख्त निगरानी है और जल्द ही कार्रवाई की जा सकती है। दोनों घटनाओं ने पुलिस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। एक ओर धार्मिक स्थल पर तोडफोड़ से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, तो दूसरी ओर गैंगस्टर के पोस्टरों से जुड़े विवाद ने शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**गादेर घाटी की दरगाह को बनाया निशाना**

गादेर क्षेत्र स्थित मामा-भांजा दरगाह पर शुक्रवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने तोडफोड़ की। परवीन बानो पत्नी मोहम्मद करीम खान ने थाना रुठियाई में लिखित रिपोर्ट दी है कि पेट्रोल पंप के पास स्थित इस पुरानी दरगाह और उसमें बने कमरे को शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। फरियादी का कहना है कि पहले भी इसी दरगाह को कुछ लोगों ने नुकसान पहुंचाया था, लेकिन कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## डीजे की तेज आवाज से घर की छत गिरी, ट्रैक्टर पर हथियार लटकाकर स्टंट

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शहर में निकले जुलूस के दौरान कई घटनाओं ने माहौल को गर्मा दिया। सुबह इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला के पोस्टर-बैनर लगाए जाने से विवाद खड़ा हो गया। पुलिस ने इन्हें हटवाया, लेकिन इसी दौरान फोटो खींचने पर युवक अभिषेक तिवारी के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई। शाम को जयस्तंभ चौराहे से निकले बड़े जुलूस में डीजे बेहद तेज आवाज में बजाए गए। सर्राफा बाजार निवासी अनुराग जैन की दुकान और मकान में डीजे की ध्वनि से पीओपी की छत व दीवार भरभराकर गिर गई। उन्होंने पुलिस से शिकायत की कि लगातार तेज आवाज से न केवल नुकसान हुआ, बल्कि स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा। डीजे की तेज आवाज और वाहनों की लंबी कतारों से शहर के कई रास्ते घंटों जाम रहे, जिससे आमजन और एम्बुलेंस तक फंस गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात डीजे संचालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और एमपी कोलाहल अधिनियम सहित कई धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं जयस्तंभ चौराहे पर जुलूस में शामिल मोडिफाइड ट्रैक्टर एमपी 04-6630 को तलवारनुमा हथियार लटकाकर खतरनाक स्टंट करते हुए पाया गया। विवेक सोलंकी की शिकायत पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर वाहन जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, सलमान लाला के पोस्टरों के मामले में पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाल रही है और यह पता लगा रही है कि पोस्टर कहां से छपवाए गए।

अभिषेक तिवारी से मारपीट और लूट करने वालों की तलाश भी जारी है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी खुद पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज से डीजे व आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# सेवा और समर्पण का पर्व बना जनसेवक सलूजा का जन्मदिन



**नवभारत न्यूज**

**गुना। जनसेवक राजेंद्र सिंह सलूजा का जन्मदिन इस बार किसी सामान्य समारोह से कहीं अधिक सामाजिक और मानवीय सेवा का उदाहरण बन गया। शनिवार को उनका जन्मदिन गुना में धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों का संगम साबित हुआ।**

सुबह टेकरी सरकार के दर्शन से शुरू हुआ यह दिन, शाम तक हजारों समर्थकों की शुभकामनाओं दी।

**दिनभर बधाइयों का सिलसिला, सोशल मीडिया पर भी छाए**

सुबह से लेकर देर शाम तक सलूजा के निवास और कार्यक्रम स्थल पर समर्थकों का तांता लगा रहा। कोई फूलमालाएं लेकर पहुंचा तो कोई मिठाई बांटता नजर आया। हजारों लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे और सोशल मीडिया पर भी बधाइयों की बाढ़ आ गई। समर्थकों ने इसे सेवा और समर्पण का आदर्श दिन बताते हुए कहा कि सलूजा ने जन्मदिन को केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज के लिए प्रेरणा बना दिया। रक्तदान शिविर में सलूजा ने कहा कि जन्मदिन पर केक काटने और औपचारिकताओं से बड़ी खुशी तब मिलती है जब किसी की जिंदगी बचाने में योगदान दिया जाए। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया जैसी बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए रक्तदान ही उनकी सबसे बड़ी जरूरत है और यह 105 यूनिट रक्त उन्हें नई जिंदगी देने का काम करेगा।

**झमाझम बारिश में भी रिकॉर्ड रक्तदान ने बढ़ाया उत्साह**

सबसे खास नजारा उस समय देखने को मिला जब शहर में लगातार झमाझम बारिश हो रही थी और लोग टेंट में जमा होकर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान कर रहे थे। समर्थकों के जोश और समर्पण का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बारिश की परवाह किए बिना रिकॉर्ड 105 यूनिट रक्तदान हुआ। सलूजा ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया और कहा कि किसी भी इंसान के जीवन को बचाने से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता।



**गले मिलकर लिया आशीर्वाद, दिव्यांग संग बैठने की तस्वीर हुई वायरल**

जन्मदिन पर सलूजा समर्थकों से गले मिलते नजर आए और हर एक शख्स को व्यक्तिगत रूप से आभार जताया। इसी बीच एक दिव्यांग व्यक्ति से जमीन पर बैठकर आत्मीयता से मुलाकात करने का उनका अंदाज लोगों के दिल को छू गया। इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर खूब वायरल होकर जनसेवक सलूजा की विनम्रता और सेवा भावना को और भी अधिक चर्चित कर दिया।

**समाज के लिए बनी प्रेरणा**

पूरा आयोजन यह साबित करता है कि जन्मदिन को यदि सेवा के पर्व में बदला जाए तो वह समाज में सकारात्मक संदेश देता है। सलूजा का यह कदम न केवल गुना जिले बल्कि पूरे अंचल के लिए प्रेरणा बन गया है। समर्थकों का कहना था कि इस तरह की पहलें आने वाली पीढ़ियों को भी सेवा और मानवता की ओर अग्रसर करेंगी। झमाझम बारिश, उमड़ा जनसैलाब, रिकॉर्ड रक्तदान और आत्मीयता से भरी मुलाकातों ने सलूजा के जन्मदिन को यादगार बना दिया। यह दिन एक बार फिर साबित कर गया कि जब जनसेवक अपना जन्मदिन समाज को समर्पित हैं, तो वह केवल एक निजी खुशी नहीं बल्कि सामूहिक प्रेरणा का पर्व बन जाता है।

## तात्या टोपे विश्वविद्यालय का छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारम्भ

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना में विद्यार्थियों के लिए एमपी ट्राइबल ऑटोमेशन सिस्टम (एम.पी. टास छात्रवृत्ति पोर्टल) की सुविधा प्रारम्भ हो गई है। यह व्यवस्था कुलगुरु प्रो. (डॉ.) किशन यादव के अथक प्रयास एवं कुलसचिव डॉ. ललित नामदेव के मार्गदर्शन में छात्रवृत्ति अधिकारी के माध्यम से लागू की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण कर विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु पोर्टल उपलब्ध है। डिजिटल माध्यम से संचालित यह व्यवस्था विद्यार्थियों को पारदर्शी, त्वरित,सरल प्रक्रिया के माध्यम से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराएगी।

# अंचल में झमाझम बारिश का दौर, रुक-रुक कर होती रही दिन में बारिश

**गुना।** अंचल में मानसून लगातार मेहरबान बना हुआ है। शनिवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुक कर तेज बौछारें गिरती रहीं। दोपहर के समय कुछ देर के लिए धूप निकलने से लोगों को लगा कि अब मौसम साफ होगा, लेकिन शाम होते ही फिर से झमाझम बारिश शुरू हो गई। रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पानी भर गया। लगातार हो रही बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में खड़ी सोयाबीन और मक्का की फसलें पानी में डूबने से खराब होने लगी हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से पौधे गलने लगे हैं। वहीं मक्का और मूंग की फसल भी प्रभावित हो रही है। जिन इलाकों में निचली जमीन पर बोवनी की गई थी, वहां हालात और गंभीर हो गए हैं। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो फसलें पूरी तरह से चौपट हो जाएंगी और भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।



बारिश से गांवों की कच्ची सडकों पर भी आवागमन मुश्किल हो गया है। वहीं शहर में नाले-नालियों की सफाई समय पर न होने से जलभराव की स्थिति और बिगड़ गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। ऐसे में किसानों और आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**जिले में अब तक 1620.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज**

इधर गुना जिले में 01 जून से अब तक 1620.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 153.9 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1009.2 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। 01 जून से 6 सितम्बर प्रात: 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1894.6 मिमी, बमौरी में 1643.4, आरोन में 1367.0, राघौगढ़ में 1525, चांचौड़ा में 1565, कुम्भराज में 1593 तथा मक्सूदनगढ़ में 1758.1 मिमी वर्षा हुई। जिले में बीते 24 घंटे में 17.9 मिमी औसत वर्षा हुई। वर्षा मापी केन्द्र गुना में 5.0 मिमी., बमोरी में 11.0 मिमी., आरोन में 22.0 मिमी., राघौगढ में 19.0 मिमी., चांचौड़ा में 27.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 39.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

# अनंत चतुर्दशी पर गुना के कैंट क्षेत्र में हुआ भव्य आयोजन, गणेशजी की प्रतिमाओं का विसर्जन

**नवभारत न्यूज**

**गुना 6 सित. का। जिले में अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही सिंगवासा तालाब सहित अलग-अलग जल स्त्रोतों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रशासन ने सभी विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यहां लाइफ जैकेट पहने कर्मचारी, नाव और गोताखोर तैनात रहे।**

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिनों से जिलेभर में गणेश उत्सव की रौनक रही। प्राचीन गणेश मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इसके अलावा सैकड़ों पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, जहां सुबह-शाम की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इसके पूर्व गुना शहर की अधिकांश गणेश झांकियों की प्रतिमाओं का विजर्सन गयारस को हुआ था। बाकी कैंट सहित अन्य स्थानों की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी को हुआ। अनंत चतुर्दशी पर सभी पंडालों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

इसके बाद देर रात तक श्रद्धालु प्रतिमा विसर्जन के लिए मुख्यत- सिंगवासा तालाब सहित अन्य जल स्त्रोतों पर पहुंचे। यहां भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि का कैंट क्षेत्र अनंत चतुर्दशी पर्व के जिलेभर में विख्यात है, यहां धूमधाम से पर्व मनाया जाता है। विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक इस एक दिवसीय आयोजन में देखने को मिलती है। यहां निकलने वाली चलित झांकियां एवं अखाड़े मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं डांस प्रतियोगिता एवं विभिन्न झांकियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया गया। यहां शाम से शुरू हुए विभिन्न कार्यक्रम देर रात तक जारी रहे। इधर पुलिस ने कैंट क्षेत्र में पर्व के मौके पर यातायात को डायवर्ट किया, ताकि किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो।



**उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस** — भक्तिभाव से मनाया गया भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक, शांतिधारा-अभिषेक के साथ चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

# दस दिवसीय पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का समापन

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** पर्वाधिराज पर्यूषण के समापन अवसर पर उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर बजरंगगढ़ एवं गुना में मां जिनवाणी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर शांति और अहिंसा का संदेश लेकर जैनबंधु शहर के प्रमुख मार्गों से निकले। बजरंगगढ़ पुण्योदय शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर प्रात- श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन उपरांत मां जिनवाणी की भव्य शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ आरंभ हुई। यहां शोभायात्रा स्थानीय शांतिनाथ मंदिर से आरंभ होकर चंद्रप्रभु जिनालय एवं पार्श्वनाथ बाजार मंदिर पहुंची। वहीं गुना में स्थानीय चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन से भी शोभायात्रा निकली। जो बताश गली, नीचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहे से होते हुए नईसडक से पुन- बड़ा जैन मंदिर पहुंची।



यहां निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में विभिन्न धार्मिक क्रियाएं हुईं। इस मौके पर महावीर भवन में मुनिसंघ के प्रवचन, श्रजी का अभिषेक, शान्तिधारा एवं फूलमाला हुई। साथ ही शाम को वार्षिक प्रतिक्रमण हुआ।

**वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक मना**

पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर जैन आगम के 12 वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यासागर नगर स्थित वासुपूज्य जिनालय पर मूल नायक भगवान वासुपूज्य का महामस्तकाभिषेक हुआ। निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के सानिय में यहां विश्वशांति की भावना से शांतिधारा हुई तथा निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। वहीं बजरंगगढ़ में पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

**रुठियाई, म्याना सहित जिलेभर में निकली शोभायात्रा**

पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर गुना के अलावा रुठियाई, राघौगढ़, म्याना, विजयपुर, बीनागंज, कुंभराज, आरोन सहित अन्य जगहों पर शोभायात्राएं निकली। रुठियाई नगर में विगत 10 दिनों से चल रहे पर्यूषण महापर्व का समापनअनंत चतुर्दशी के जुलूस के साथ हुआ। इस मौके पर भव्य जुलूस नरोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी से प्रारंभ होकर एबी रोड, मंगलोदय तीर्थ से जुलुस सदर बाजार, एबी रोड होते नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापिस मंदिर जी में जाकर समापन हो गया। यहां श्रीजी के अभिषेक की प्रतिक्रिया संपन्न हुई। इधर म्याना में भी जैन समाज चल समारोह निकाला। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जैन समाज द्वारा चल समारोह जैन मंदिर से प्रारंभ किया गया। जिसमें सभी बैंड बाजे के साथ नाचते झूमते महावीर स्वामी के जय कारे लगाते हुए निकले। वहीं आरोन में भी मुनिश्री दुर्लभ सागरजी महाराज केसानिध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। उल्लेखनीय है कि अनंत चतुर्दशी का महापर्व जैन धम्र के दस दिनों में अंतिम दिवस है। सभी श्रद्धालुओं ने सभी जिनालयों पर में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा पूजन एवं लाडू चढ़ाकर इस दिन को उत्साह के साथ मनाया गया।

वासुपूज्य जिनालय में वासुपूज्य भगवान का महामस्तकाभिषेक और पार्श्वनाथ मंदिर पर मूलनायक श्री पार्श्वनाथ स्वामी का अभिषेक एवं कमलाशन पर सहस्त्रफणी श्री पार्श्व प्रभु जी को विराजमान किया गया। वहीं दोपहर में मुनिसंघ के सानिध्य में श्रीजी की शोभायात्रा भव्य रूप से देव, शास्त्र और गुरु केसाथ उत्साह पूर्वक निकाली गई।

# 8 से राज्य स्तरीय शालेय जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता



**गुना।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में 8 से 11 सितम्बर 2025 तक राज्य स्तरीय शालेय जूडो एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के मार्गदर्शन में व्यवस्थाओं की सतत समीक्षा की जा रही है। शनिवार को सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता, सहायक संचालक गरिमा टोप्पो, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुना और प्राचार्य शासकीय कन्या उमाबि कैंट आरती श्रीवास्तव ने बालिका खिलाडयों के आवास स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान भोजन, परिवहन और सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आयोजन समिति को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रतियोगिता स्थल और खेल मैदान पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। समिति का उद्देश्य प्रतियोगिता को सफल और यादगार बनाना है ताकि खिलाडयों को उच्च स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में दिनांक 08 सितंबर से 11 सितंबर 25 तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय जूडो एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर सतत समीक्षा की जा रही है। आज प्रेरणा गुप्ता सहायक संचालक गुना, रिमा टोप्पो सहायक संचालक विकास खंड शिक्षा अधिकारी गुना एवं श्रीमत आरती श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय कन्या उमाबि कैंट द्वारा बालिका आवास स्थल का निरीक्षण किया एवं उचित निर्देश आयोजन समिति को दिए। आयोजन समिति द्वारा भोजन, परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति का लक्ष्य प्रतियोगिता को सफल एवं यादगार बनाना है ताकि खिलाडयों को उच्च स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।